# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 7th



aglasem.com

Class : 7th
Subject : नागरिक शास्त्र
Chapter : 5
Chapter Name : औरतों ने बदली दुनिया

Q1 आपके विचार से महिलाओं के बारे में प्रचलित रूढ़िवादी धारणा कि वे क्या कर सकती हैं और क्या नहीं , उनके समानता के अधिकार को कैसे प्रभावित करती है?
Answer .* कुछ ग्रामीण परिवारों,अशिक्षित परिवारों में लड़कियों और लड़कों की परवरिश में भेदभाव किया जाता था।लड़कियों को पराया धन मन जाता है तथा लड़कों को परिवार का वंश चलाने वाला मानकर उनकी परवरिश लड़कियों की तुलना में बेहतर की जाती है।
*लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने के के लिए दूर वाले गाँवों या शहर में नहीं भेजा जाता,उन्हीं के गांव में जितनी शिक्षा उपलब्ध होती थी उतनी ही उन्हें दिलवाई जाती थी,लड़कों की तुलना में कम पढ़ाया जाता था।
* कुछ लोगों का आज भी यह मानना है की लड़कियों को आगे जाकर परिवार ही संभालना है इसीलिए उन्हें उच्च शिक्षा के स्थान पर घर कामों,सिलाई बुनाई के कामों को सीखने की आवश्यकता है।
*आज भी अधिकांश गाँवों में लड़कियों की कम उम्र में विवाह,उनका घर के कार्यों में ज़्यादा ध्यान रखवाना,तथा उनकी स्कूल में शिक्षा पूरी हो जाने पर ही उनका विवाह करवा दिया जाता है।

Page : 67 , Block name : अभ्यास (long answer question)

Q2 कोई एक कारण बताइए जिसकी वजह से राससुंदरी देवी , रमाबाई और रुकैया हुसैन के लिए अक्षर ज्ञान इतना महत्वपूर्ण था।
Answer. राससुंदरी देवी,रमाबाई और रुकैया हुसैन को बचपन में पढ़ने लिखने की अनुमति नहीं मिली थी। रामसुन्दरी देवी,रमाबाई और रुकैया हुसैन तीनों ही पढ़ने लिखने को बहुत उत्सुक थी और वो चाहती थी की उन्हें अक्षर का ज्ञान हो। इन तीनों के परिवार सम्पन्न,धनी थे इसीलिए इनके लिए पढ़ना,ज्ञान प्राप्त करना महत्वपूर्ण था।

Page : 67 , Block name : अभ्यास (short answer question)

Q3 " निर्धन बालिकाएं पढ़ाई बीच में ही छोड़ देती है,क्योंकि शिक्षा में उनकी रूचि नहीं है।" पृष्ठ 17 पर दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर स्पष्ट कीजिये की यह कथन सही क्यों नहीं है ?
Answer - * कुछ अशिक्षित परिवारों में लड़के और लड़कियों में आज भी भेदभाव किया जाता है,लड़कों को उनके वंश को आगे चलाने वाला माना जाता है इसीलिए उन्हें पढ़ाया जाता है तथा लड़कियों को(उनकी रूचि होने के बावजूद भी) पराया धन मानकर उन्हें शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रखा जाता है ।
* बहुत सी लड़कियाँ अपने साथ स्कूल में होने वाले भेदभाव के कारण भी स्कूल छोड़ देती है।
*कुछ लड़कियों का बाल विवाह कर दिया जाता है जिसके कारण भी उन्हें पढ़ाई बीच में छोड़नी पड़ती है।
*कुछ निर्धन परिवारों में उनकी गरीबी के कारण लड़कों को पढ़ने की प्राथमिकता दी जाती है।

Page : 67 , Block name : अभ्यास (short answer question)

Q4 क्या आप महिला आंदोलन द्वारा व्यवहार में लाये जाने वाले संघर्ष के दो तरीकों के बारे में बता सकते है ? महिलाएँ क्या कर सकती है और क्या नहीं,इस विषय पर आपको रूढ़ियों के विरुद्ध संघर्ष करना पड़े,तो आप पढ़े हुए तरीकों में से कौन से तरीकों का उपयोग करेंगे ? आप इसी विशेष तरीके का उपयोग क्यों करेंगे ?

Answer. संघर्ष के दो मुख्य तरीके -
* महिलाओं के अधिकारों के प्रति लोगों को अवगत कराना।
* महिलाओं के प्रति भेदभाव और हिंसा का विरोध करना।

यदि हमें रूढ़ियों के प्रति संघर्ष करना पड़े तो हम महिलाओं के अधिकारों के प्रति लोगों को अवगत कराएँगे ।लोगों को समता के अधिकार के बारे में बताएंगे और यह समझाने का प्रयास करेंगें की महिलाएँ भी इस समाज का एक अंग है । महिलाओं के विकास से परिवार का विकास होगा।

Page : 67 , Block name : अभ्यास (short answer question)

aglasem.com